









## खबर संक्षेप

### सतनामी समाज की बैठक आज

**धमतरी।** सतनामी समाज जिला धमतरी की बैठक 10 अगस्त को दोपहर 2 बजे जोधापुर स्थित गुरु बालकदास भवन में रखी गई है। बैठक में सामाजिक गतिविधियों पर विचार किया जाएगा। ममतामयी मिनीमाता की पुण्यतिथि मनाने, समाजसेवियों का सम्मान, कार्यकारिणी का विस्तार व संचालक मंडल की मजबूती पर चर्चा की जायेगी। जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे ने समाजजनों से उपस्थिति होने की अपील की है।

### हरियाली एवं रक्षाबंधन महोत्सव आज

**अंवरी।** तहसील साहू संघ भखारा एवं सभी परिक्षेत्र व ग्रामीण द्वारा हरियाली एवं रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन 10 अगस्त को कृषि उपज मंडी नगर पंचायत भखारा में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरुद होंगे। अध्यक्षता चंदूलाल साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम करेंगे। विशेष अतिथि विपिन साहू पूर्व अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छग, दयाराम साहू, अवनेंद्र साहू, मालकराम साहू, ओंकर साहू, लेखराम साहू, रंजना साहू, अरुण सार्वा, गौकरण साहू, गीतेश्वरी साहू, शारदा साहू, ज्योति जैन, तोरण साहू, केतकी साहू, गणेशराम साहू, कंवल साहू, कामता साहू, विष्णु साहू, चंपालाल साहू, महेंद्र साहू होंगे। यह जानकारी कामता प्रसाद साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ भखारा ने दी।

रोकाछेका, गोधन न्याय योजना की जगह गौधाम योजना का होगा संचालन

# गौधामों में होगा आवारा, घुमंतू मवेशियों का संरक्षण और संवर्धन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अब गांव से लेकर शहर तक गौधाम की स्थापना कर गौवंशीय मवेशियों का संरक्षण और संवर्धन किया जाएगा। खास बात यह है कि सरकार ने इसके लिए फंड का इंतजाम भी किया है। मवेशियों के दानापानी से लेकर रखरखाव, टीकाकरण, चरवाहा सहित अन्य सुविधाओं के लिए बजट निर्धारित है। जल्द ही इस योजना को लेकर जमीनी स्तर पर काम शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए आदेश भी जारी किया जा चुका है।

केवल जिले के ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के किसान आवारा और घुमंतू मवेशियों से परेशान हैं। इन मवेशियों का उचित ढंग से प्रबंधन नहीं होने के कारण ये फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। यही नहीं शहर की सड़कों पर इनका डेरा रहता है, जिससे दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ी हुई है। पिछली सरकार ने रोकाछेका और गोधन न्याय, गोठान योजना लाई थी, लेकिन इन योजनाओं में पर्याप्त फंड नहीं होने के कारण योजना सफल नहीं हो पाई। अब सरकार इस योजना को अपडेट करते हुए गौधाम योजना लांच कर रही है। जिसके तहत शहर से लेकर गांव तक गौधाम स्थापित किए जाएंगे। इन गौधामों में तस्करों से छुड़ाए गए मवेशी, निराश्रित, घुमन्तू गौवंशीय और खेतों में फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले मवेशियों को रखा जाएगा। छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग नियम 2005 के तहत जिला प्रशासन के प्रस्ताव पर गौधाम स्थापित किये जायेंगे, जो पंजीकृत गौशालाओं से भिन्न होंगे। प्रथम चरण में प्रदेश के प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में गौधाम स्थापित किये जायेंगे। गौधाम के लिए ऐसी शासकीय भूमि जिसमें सुरक्षित बाड़ा, पशु शेड, स्थापित गौठान, जहां पूर्व से अद्योसंरचना विकसित हैं, ऐसी जगहों का चयन किया जाएगा। गौठान से संलग्न चारागाह की भूमि हरा चारा उत्पादन हेतु उपलब्ध कराई जायेगी। गौधाम के संचालन के लिए समितियों का चयन किया जाएगा। गौधाम संचालन के लिए उन्हें फंड दिया जाएगा, पर गौधाम और चारागाह की भूमि, अधोसंरचना पर चयनित संस्था का कोई अधिकार नहीं होगा।

### सुरक्षित रहेगी फसल, रूकेंगी दुर्घटनाएं

गांव से लेकर शहर तक सड़क और गलियों में मवेशियों का आंतक है। आए दिन इन मवेशियों की चपेट में आकर लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। यही नहीं किसान भी काफी परेशान हैं। रात में ये मवेशी सूनापन का फायदा उठाकर खेतों में फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। इन मवेशियों को इन गौधामों में विस्थापित किया जाएगा। प्रत्येक गौधाम में अधिकतम 200 पशुओं की रखने की क्षमता होगी।



### संरक्षण के साथ संवर्धन

गौधामों में पशुओं का संरक्षण और संवर्धन भी किया जाएगा। भरपूर चारा के लिए फंड की व्यवस्था की जाएगी। प्रति पशु प्रतिदिन 10 रुपए चारा के लिए प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त चारागाह में नेपियर घास का उत्पादन भी किया जाएगा, जिसके लिए अलग से फंड का प्रावधान किया गया है। यही नहीं कृत्रिम गर्भाधान के लिए कार्यकर्ता, चरवाहा रखा जाएगा जिसे मानदेय भी दिया जाएगा।

### मिलेगा रोजगार

इस योजना का उद्देश्य न सिर्फ गोवंश का संरक्षण और संवर्धन हैं, बल्कि रोजगार के नए अवसर का सृजन करना, गौ उत्पाद को बढ़ावा देना भी है। गौधामों में गोबर, गौमूत्र आदि से कई प्रकार की सामग्रियों का निर्माण किया जाएगा। अगरबत्ती, केंचुआ खाद, कीट नियंत्रक, दीया सहित अन्य सामग्री का निर्माण किया जाएगा। इन सामग्रियों के लिए बाजार की भी व्यवस्था की जाएगी।

# आप ने की सिंचाई पानी छोड़ने की मांग



**धमतरी।** आम आदमी पार्टी ने किसानों के हित में गंगरेल बांध से पानी छोड़ने की मांग की है। आप के जिलाध्यक्ष विनोद सचदेव के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे राजनंदन, मो. अजहर, संजय, देवानंद बंजारे ने शुक्रवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि वर्तमान में धमतरी क्षेत्र में जलसंकट की स्थिति बनी हुई है। खेतों में सिंचाई पानी की अत्यधिक कमी है। किसानों की फसल सूखने की कगार पर है। आम आदमी पार्टी ने शीघ्र ही डेम से पानी छोड़ने की मांग कलेक्टर से की है।

# युवक ने बुजुर्ग पर किया हमला, घायल

■ कोष्टापारा की घटना

**धमतरी।** शराब पीने के लिए पैसा देने से मना करने पर युवक ने एक बुजुर्ग पर लोहे से हमलाकर उसे घायल कर लिया है। पुलिस के अनुसार स्थानीय कोष्टापारा निवासी गोपीचंद मूलवानी शुक्रवार की रात्रि खाना खाकर घर से बाहर टहलने निकला था। इसी दौरान एक युवक वृद्ध से मारपीट करने लगा। आवाज सुनकर पुत्र विनोद मूलवानी घर से बाहर निकला तो युवक उसके पिता के साथ मारपीट कर रहा था। उसके सिर से खून निकल रहा था। पिता का बीच-बचाव कर पूछने पर बताया कि उक्त युवक शराब पीने के लिए पैसा मांग रहा था। पैसा देने से मना करने पर अश्लील गालिंया देते हुए लोहे की वस्तु से सिर पर हमला कर दिया। पुत्र ने बताया कि हमलावर मिथिलेश सोनी है। घायल पिता को जिला अस्पताल में भर्ती कराने के बाद पुत्र विनोद ने कोतवाली में घटना की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी मिथिलेश सोनी के खिलाफ धारा 115(2), 119(1), 296, 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।






सुरक्षा व्यवस्था के बीच जेल में मना राखी का त्योहार

# नम आंखों और चेहरे पर मुस्कान के साथ बांधी भाइयों को राखी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छलकती आंखों से बहनों ने जेल में बंद अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। उपहार के रूप में भाइयों से अच्छे रास्ते पर चलने का वचन लिया। इस दौरान जेल प्रशासन ने बहनों को सम्मानपूर्वक जेल में प्रवेश दिया। रक्षा बंधन के लिए सामग्री भी उपलब्ध कराई।

शनिवार को जिला जेल धमतरी में रक्षाबंधन का पर्व उत्साह से मनाया गया। सुबह आठ बजे बहनें तैयार होकर राखी बांधने के लिए जिला जेल पहुंच गई थीं। जेल प्रशासन ने राखी उत्सव की तैयारी पहले से कर रखी थी। चार पांच बहनों का ग्रुप बनाकर बहनों को जेल के भीतर प्रवेश दिया गया। बाहर भी उनके बैठने के लिए व्यवस्था की गई थी। जेल के भीतर प्रशासनिक भवन में राखी उत्सव का आयोजन किया गया था, जहां पर जेल में बंद भाइयों से मिलकर बहनों की आंखों से आंसू छलक उठे। नम आंखों और चेहरे पर मुस्कान लिए बहनों ने अपने -अपने भाइयों को राखी बांधी और भविष्य में अच्छा काम करने का वचन लिया। राखी का उत्सव शाम 5 बजे तक चलता रहा। इस दौरान जेल के बाहर और भीतर दोनों स्थानों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए थे।



**खबर संक्षेप**



## नन्हीं मेघना ने दादा-नाना को बांधी राखी

**कुरुद।** रक्षाबंधन का पर्व पूरे देश में हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दिन बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर रिश्तों की अहमियत और जिम्मेदारियों की याद दिलाई। इस दिन इस त्योहार को लेकर देशभर से अनेक तस्वीरें सामने आई है जो भाईचारे और सौहार्द्र की भावना को बढ़ावा देता है। एक ऐसी ही तस्वीर जोरातराई से आई है जिसमें नन्हीं मेघना ने अपने दादा एवं नाना को राखी बांधकर संदेश देता है कि रिश्तों को प्रेम और सम्मान से सींचा जा सकता है।

### उठाव नहीं होने से सरकारी धान हो रहा खराब, कई ट्रक फंसे, मिलर्स भी परेशान

# सरकारी धान दलदल में और कुर्सीधारी बेखबर : संग्रहण केंद्र भाठागांव में फड़ तक जाने के रास्ते में भारी कीचड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदा गया धान बर्बादी की कगार तक पहुंच गया है। मिलर्स धान उठाने को तैयार हैं लेकिन फड़ तक जाने वाले रास्ते में कीचड़ और दलदल होने से ट्रक फंस रहे हैं। धान संग्रहण केन्द्र भाठागांव में व्याप्त अव्यवस्था के चलते समस्या सुलझाने की मांग के बावजूद अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसके चलते बारिश में सरकारी धान खराब होता जा रहा है।

गौरतलब है कि कुरुद क्षेत्र की सोसाइटियों से खरीदे गए धान का भंडारण यहां से कुछ किलोमीटर की दूरी पर स्थित भाठागांव भंडारण केन्द्र में किया जाता है। इस वर्ष भी हजारों क्विंटल सरकारी धान रखा गया। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने अदूरदर्शिता का परिचय देते हुए फड क्रमांक दो में ऐसी जगह धान रखा है, जहां तक बरसात में गाड़ी पहुंचना असंभव है। एक तरफ प्रशासन मिलर्स पर धान उठाव के लिए दबाव डाल रहा है लेकिन फड़ के रास्ते की समस्या सुलझाने में रुचि नहीं ले रहा है। अब तक धान उठाने गये कई ट्रक फंस चुके हैं। जिसे क्रेन एवं जेसीबी की मदद से बाहर निकलवाना पड़ा।



#### दलदल में गाड़ियां फंस रही

मिली जानकारी के अनुसार पिछले सप्ताह मिल संचालकों ने धमतरी जिला विपणन अधिकारी को मौके पर बुलाकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया था लेकिन अब तक कोई सुधार नहीं हुआ। स्थिति जस की तस बनी हुई है। इस बारे में कुरूद राइस मिल एसोसिएशन के संरक्षक अनिल चंद्राकर ने बताया कि बारिश के कारण धान की गुणवत्ता दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। फड़ के रास्ते में भारी दलदल की वजह से गाड़ियां फंस रही हैं जिसके चलते धान का उठाव नहीं हो पा रहा है। रास्ते का इंतजाम नहीं हुआ तो धान का उठाव दीपावली के बाद ही हो पाएगा।

#### धान की क्वालिटी भी हो रही खराब

एसोसिएशन के अध्यक्ष हितेन्द्र केला ने बताया कि कुछ समय पूर्व मार्कफेड द्वारा रास्ते की मरम्मत कराई गई थी, लेकिन बारिश के चलते वह भी ध्वस्त हो गया है। दलदल की समस्या गंभीर बन चुकी है। जब तक रास्तों का स्थायी निर्माण नहीं होता, तब तक धान का उठाव संभव नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि रखरखाव के अभाव में धान की क्वालिटी बहुत खराब हो चुकी है। इसके बावजूद अधिकारियों द्वारा मिलर्स पर धान उठाव का दबाव बनाया जा रहा है, जो कि पूर्णतः अनुचित है। प्रशासन को चाहिए कि एफसीआई के माध्यम से तत्काल निरीक्षण करवाया जाए और केवल अच्छी गुणवत्ता वाला धान ही मिलर्स को आवंटित किया जाए, जिससे हम चावल तैयार कर उसे एफसीआई और नागरिक आपूर्ति निगम को समय पर दे सकें।

### हर घर तिरंगा अभियान की तैयारी को लेकर भाजपा मंडल नगरी की हुई बैठक

# तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है





हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर भाजपा मंडल नगरी की बैठक हुई। घर-घर जाकर तिरंगा फहराने के महत्व को समझाया गया और अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जुड़ने के लिए आग्रह किया।

बैठक में बताया गया कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान का प्रतीक है, जैसे ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने राष्ट्रवाद की भावना को और प्रबल किया है, वैसे ही हर घर तिरंगा अभियान को भी जन-जन से जोड़ने का कार्य हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे पूरे मनोयोग से अभियान में जुट जाएं और इसे एक जन आंदोलन का रूप दें।

मौके पर बैठक प्रभारी कमल डागा, दिनेश्वरी नेताम, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, रवि दुबे, नागेन्द्र शुक्ला, मोहन नाहटा, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, मंडल महामंत्री रूपेंद्र साहू व सुलोचना साहू, मंडल मंत्री दीनदयाल सेन, मंडल उपाध्यक्ष गुरुप्रसाद, नरेंद्र सेन, अंबिका ध्रुव, महिला मोर्चा मंत्री हेमलता साहू, पार्षदगण अश्वनी निषाद, देवचरण, शंकरदेव, डिगेश्वरी, दीनदयाल शेरपा, राजू निषाद, युगल साहू, श्यामंत बिसेन, इंदुमती, संजय सारथी, नीलम साहू, उमेश साहू, सुनील यादव, लोकेश शांडिल्य उपस्थित थे।

## बिंद्रानवागांव स्कूल में मना रक्षाबंधन पर्व





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बिंद्रा नवागांव में शुक्रवार को छात्र-छात्राओं ने रक्षा बंधन का त्योहार बड़े ही उत्साह से मनाया। बहनों ने राखी बांधकर माथे पर तिलक लगाकर मिठाई खिलाई और भाइयों से प्यार और सम्मान व रक्षा का वचन लिया। प्राथमिक शाला की प्रधानपठिका ने बताया कि बिंद्रा नवागांव स्कूल में हर त्योहार को बड़े ही उत्साह व धूमधाम से मनाया जाता है। इससे बच्चे बहुत खुश होते हैं। यह भाई बहन के स्नेह का पवित्र त्योहार है।

इस अवसर पर प्रधानपाठक माध्यमिक शाला पंकज रावटे, ममता खालसा प्रधानपाठिका प्राथमिक शाला एवं शिक्षिका गौरी गुप्ता, विद्या सोनी, गायत्री साहू समेत छात्र उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों की शिक्षा पर किया फोकस





■ सीईओ की मौजूदगी में कोर्रा में हुई शिक्षक-पालक मेगा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोर्रा में शिक्षक पालक मेगा बैठक हुई। मुख्य अतिथि यमुना कामड़े सरपंच थीं। इस कार्यक्रम के निरीक्षण के लिए अमित कुमार सेन सीईओ जनपद पंचायत कुरूद उपस्थित थे। व्याख्याता भोजराम साहू ने शिक्षक-पालक सम्मेलन के उद्देश्यों को पीपीटी के माध्यम से रखा। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षक-पालक के आपसी समन्वय से होने वाले सकारात्मक प्रभाव को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश्वर शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि ओंकार साहू अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति, लतखोर यादव, टिकेश्वर साहू, नोडल अधिकारी संगीता गजेन्द्र, वाणिज्यिक निरीक्षक हर्ष कुमार वर्मा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं व पालकगण आदि मौजूद थे। मेगा पालक बैठक में बच्चों की प्रगति, शैक्षिक गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में चर्चा की गई। घर का वातावरण, छात्र दिनचर्या, बच्चों ने क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, परीक्षा पर चर्चा, बस्ता रहित शनिवार, स्वास्थ्य परीक्षण, जाति निवास प्रमाण पत्र, पास्को एक्ट आदि के बारे में बताया गया। बच्चों की दिनचर्या, छात्र-छात्राओं ने आज क्या सीखा, बच्चों की अकादमिक प्रगति, मासिक परीक्षा, विद्यार्थियों की दोस्ती कैसी हो, मोबाइल से दूर रहें, डिजिटल प्लेटफॉर्म, लाइब्रेरी का उपयोग, भवन की स्थिति, कैरियर गाइडेंस पर विशेष चर्चा कर पालकों को अवगत कराया गया। प्रबंधन समिति अध्यक्ष ने पालकों को सलाह दी कि वह घर में बच्चों के हर पहलू पर नजर रखें। पालक बीच-बीच में स्कूल में शिक्षकों से संपर्क बनाए रखें।

# शांति व्यवस्था रखने के लिए महिला कमांडो के गठन पर जोर

■ प्राथमिक शाला चुरियारापारा में शाला प्रबंधन समिति एवं पालक समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



प्राथमिक शाला चुरियारापारा नगरी में शाला प्रबंधन समिति एवं पालक समिति की बैठक हुई। बैठक में नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, वार्ड 11 के पार्षद अश्वनी निषाद, वार्ड 12 के पार्षद अंबिका ध्रुव उपस्थित थे। बैठक में प्रधानपाठक दीप नारायण दुबे ने बालिका शौचालय की जर्जर स्थिति, अहाता निर्माण की आवश्यकता, टाइल्स की कमी, जाति तथा निवास प्रमाण पत्र की जानकारी, नवोदय पुस्तक वाचन, घर के कोना में पढ़ना, झंडोत्तोलन पर चर्चा, पुस्तक तथा गणेश वितरण, पुस्तक स्कैन जैसी महत्वपूर्ण शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। नपं अध्यक्ष ने कहा कि शाला की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल करने का हरसंभव प्रयास किया जायेगा। उन्होंने महिलाओं की अच्छी उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नगर का चुरियारापारा शांति प्रिय मोहल्ला के नाम से जाना जाता है। उन्होंने यहां शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए महिला कमांडो के गठन पर जोर दिया।

मौके पर एसएमसी अध्यक्ष जयराम निर्मलकर, उपाध्यक्ष पुनीता ध्रुव, शिक्षिका यशवंतीन अग्रवानी, स्वयंसेवक दिलीप साहू, गायत्री यादव व पालकगण गौतम डोंगरे, भुनेश्वरी निषाद, योगिता मरकाम, दुर्गा यादव, रूपा यादव, शैलेन्द्री बाई, नागेश्वरी मंडावी, गजेश्वरी निषाद, खोमेश्वरी गौर, लोकेश्वर मरकाम उपस्थित थे।

# ओबीसी समाज ने मनाया सामाजिक न्याय दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



ओबीसी संयोजन समिति छग के संस्थापक शत्रुघन सिंह साहू के दिशा-निर्देश पर संगठन ने 7 अगस्त को ओबीसी सामाजिक न्याय दिवस ग्राम मरौद में मनाया। बता दे कि लंबे संघर्ष के बाद 7 अगस्त 1990 को देश के आठवें प्रधानमंत्री विश्वनाथप्रताप सिंह ने अपने वादे के मुताबिक सत्ता में आते ही मंडल आयोग की प्रथम अनुशंसा जिसमें कहा था कि ओबीसी वर्ग को सार्वजनिक एवं निजी उपक्रमों में 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। विश्वनाथ प्रताप सिंह ने अपने वादा पूर्ण किया और 7 अगस्त 1990 को उस पर अपना हस्ताक्षर किए जिसे कानूनी रूप 16 नवंबर 1992 को मिला। 7 अगस्त को ओबीसी समाज के लिए ओबीसी सामाजिक न्याय दिवस ही है लेकिन शासक जातियों के भेदभाव के चलते दक्षिण भारत को छोड़कर उत्तर भारत के किसी भी राज्यों में आज भी लागू नहीं हो पाया है।

कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष टिकेश्वर साहू, जिला प्रभारी समारू सिन्हा, भखारा तहसील अध्यक्ष सदानंद साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ के अविनाश साहू, जिला संगठन मंत्री शंकर भार्गव, सचिव निलेश साहू ,कुशल साहू, मिथलेश साहू, खिलेंद्र सिन्हा, सोनू सिन्हा, नितेश साहू, विजय साहू, रितेश साहू, भीम साहू, भागीरथी साहू, गणेश साहू, भानु साहू, कमलेश साहू, भो प्रकाश साहू, किशनलाल साहू शामिल हुए।

### सरपंचों व पुलिस प्रशासन के बीच हुई समन्वय बैठक

# गांवों में शांति व्यवस्था बनाए रखने, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

सरपंचों व पुलिस प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करने बैठक आयोजित हुई। यह बैठक पुलिस थाना कुरूद द्वारा आयोजित की गई थी। एसडीओपी रागिनी मिश्रा के नेतृत्व में क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच व उनके प्रतिनिधियों ने गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने और पुलिस-पंचायत के बीच समन्वय स्थापित करने की दिशा में चर्चा की गई।

गुरुवार को कुरूद थाना में आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से ग्रामों में अवैध शराब की बिक्री तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। साथ ही गांवों में त्योहारों को शांतिपूर्ण आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने पर जोर दिया गया। आगामी गणेश उत्सव को ध्यान में रखते हुए निर्देश दिया गया कि केवल पंजीकृत अथवा जिम्मेदार समितियों द्वारा ही गणेश स्थापना की अनुमति दी जाएगी, जिससे धार्मिक भावना का सम्मान बना रहे। इसके साथ ही गौ-तस्करी पर पूर्ण प्रतिबंध, महिलाओं की सुरक्षा और सामाजिक भागीदारी को प्रोत्साहन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने स्पष्ट रूप से कहा कि पुलिस और पंचायत मिलकर यदि सामाजिक समरसता के साथ कार्य करें, तो किसी भी तरह की अव्यवस्था की कोई जगह नहीं रह जाएगी। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों को यह भरोसा भी दिलाया कि जिला पुलिस हर परिस्थिति में पंचायतों के साथ खड़ी है।



सरपंच संघ के संरक्षक टिकेश साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं परंपरा के अनुसार अब त्योहारों का सिलसिला शुरू हो रहा है। वर्तमान समय में बढ़ते नशाखोरी के कारण गांवों का माहौल बिगड़ने की संभावना बनी रहती है। ऐसे में पुलिस का सहयोग व असामाजिक तत्वों में पुलिस का भय जरूरी है। बैठक के अंत में कुरूद थाना क्षेत्र की महिला सरपंचों ने एसडीओपी रागिनी मिश्रा एवं पुलिस अधिकारियों को राखी बांधकर आपसी विश्वास, सम्मान और सहयोग का वचन लिया। यह बैठक न केवल प्रशासन और पंचायत के बीच बेहतर समन्वय की मिसाल बनी, बल्कि एक सशक्त और सुरक्षित समाज की दिशा में प्रेरणादायक कदम भी साबित हुई।

## अंचल की खबरें

### नगर में धूमधाम से मना रक्षाबंधन का त्योहार



**भखारा।** नगर में रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया । बहनों ने बाजार से मिठाइयां एवं राखियां खरीदी। शुभ मुहूर्त में बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर अपनी सुरक्षा एवं सम्मान का वादा लिया। इसी कड़ी में रुचि ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व भाई बहनों के आपसी प्रेम का पर्व है, जो यह याद दिलाता है कि एक बहन के लिए एक भाई और एक भाई के लिए एक बहन कितनी महत्वपूर्ण है।

### जनपद पंचायत परिसर में चला स्वच्छता अभियान



**नगरी।** हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत नगरी प्रांगण में व्यापक सफाई अभियान आयोजित किया गया। इस स्वच्छता कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित बोरझा, विकास विस्तार अधिकारी आर.एस. नेताम, एडीईओ मिश्री गौर, कार्यक्रम अधिकारी आयुष झा, बीसी एसबीएम श्रीमती योगिता बाला कश्यप, मोहम्मद अजहर खान सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यालय परिसर की साफ-सफाई कर लोगों को अपने घर, कार्यालय और आस-पास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल परिसर की स्वच्छता सुनिश्चित करना था, बल्कि जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना भी था।

### छात्रों ने पुलिस जवानों को बांधी राखी



**नगरी।** यूनिक रीड इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में रक्षाबंधन पर्व पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना सिहावा के पुलिसकर्मियों और बिरनासिल्ली स्थित सीआरपीएफ कैंप के वीर जवानों को राखी बांधकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी एलएस ठाकुर स्वयं उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों से स्नेहपूर्वक राखी बंधवाई और उन्हें थाना परिसर का भ्रमण कराया। इस दौरान बच्चों को पुलिस की कार्यप्रणाली, जिम्मेदारियों और सुरक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों में सुरक्षा बलों के प्रति सम्मान और जागरूकता की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने बिरनासिल्ली सीआरपीएफ कैंप का दौरा किया। वहां तैनात जवानों ने पूरे उत्साह के साथ राखी बंधवाई। उन्होंने बच्चों को अपनी छोटी बहनों के रूप में अपनाते हुए प्रेमपूर्वक आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक अमित चोपड़ा, दिव्यांश चोपड़ा और गोपाल साहू सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

### ओरेकल स्कूल में मना विश्व आदिवासी दिवस





**धमतरी।** ओरेकल पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय विश्व आदिवासी दिवस और रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य सोमन साहू ने विश्व आदिवासी दिवस के इतिहास, महत्व और थीम पर प्रकाश डाला। मां रत्नेश्वरी शिक्षण समिति के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल ने आदिवासी दिवस के महत्व को सांस्कृतिक अस्मिता और समानता के लिए महत्वपूर्ण बताया। वर्ष 2025 की थीम अधिकारों की रक्षा, भविष्य को आकार देना है। द्वितीय पाली में कक्षा नर्सरी से 12वीं तक की छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर राखी बांधी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रितेश महिलांगे ने दी।

### पेड़ों को रक्षासूत्र बांधकर पर्यावरण के संरक्षण का लिया संकल्प





**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला खरतुली में प्रधानपाठक दीनबंधु सिन्हा के मार्गदर्शन में रक्षा बंधन उत्सव एवं विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने रक्षाबंधन उत्सव एवं विश्व आदिवासी दिवस के बारे में अपने विचार रखे। बच्चों ने आदिवासी वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुत किया पश्चात एक दूसरे एवं शिक्षकों को रक्षासूत्र बांधकर एक दूसरे एवं राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया। पहले वृक्ष बंधन फिर रक्षा बंधन थीम पर विद्यालय परिसर के पेड़ पौधों पर रक्षासूत्र बांधकर पेड़ों एवं पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में राजेश्वरी ठाकुर, तारकेश्वरी सोनबेर, रसोइया ललिता यादव, उमेश्वरी मेश्राम, तुलसी उइके का योगदान रहा।

■ खरतुली स्कूल में मनाया गया रक्षाबंधन उत्सव एवं विश्व आदिवासी दिवस

## अंचल की खबरें

### सिन्हा समाज की महिलाओं ने बांधा रक्षासूत्र





**धमतरी।** ग्राम डोड़की के सिन्हा समाज की महिलाओं ने जिला जेल के बंदियों को रक्षासूत्र बांधकर यह वचन लिया कि भविष्य में अपराध से हटकर अपने जीवन को समाज के लिए समर्पित करते हुए परिवार के साथ व्यतीत करें। मौके पर समाज की महिला प्रमुख श्रीमती हितेश्वरी सिन्हा, श्रीमती रामबती सिन्हा सरपंच, ममता सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, नीरा सिन्हा, मालती सिन्हा, डिगेश्वरी सिन्हा, सोनम सिन्हा, सेजल सिन्हा समेत अन्य शामिल रही। महिलाओं ने विधायक ओंकार साहू को भी राखी बांधी।

### छात्राओं ने छात्रों व शिक्षकों को राखी बांधी



**पुरी।** सरस्वती शिशु मंदिर छाती में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं ने सभी छात्रों व शिक्षकों को राखी बांधी। छात्रों ने छात्राओं को सुरक्षा का वचन दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने रक्षाबंधन पर्व की महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार बहन भाइयों को राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना करती हैं। उसी प्रकार हम सभी का भी कर्तव्य है कि हम प्रकृति व संस्कृति की रक्षा का संकल्प करें ताकि आने वाली पीढ़ी हमारी धनी परम्परा को सहेजते चले। यह जानकारी सचिव नरेंद्र कुमार ने दी।

### गुरुकुल विद्यासागर स्कूल में रक्षाबंधन पर्व मना



**धमतरी।** गुरुकुल विद्यासागर स्कूल लोहरसी में छात्र-छात्राओं ने रक्षाबंधन पर्व मनाया। मुख्य अतिथि कुलेश्वर गजेंद्र ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्यार का पर्व है। श्रीमती विजयलक्ष्मी गंजीर ने राजा बली और भगवान विष्णु के वामन अवतार का कथा प्रसंग सुनाया। बच्चों को चॉकलेट वितरण कर मुंह मीठा कराया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती मधु ढीमर ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। प्रधानपाठक भारतलाल साहू ने पौराणिक कथाओं की जानकारी दी। मंच संचालन झामिन साहू ने किया। आभार व्यक्त टामेश्वरी कंवर ने किया। मंचीय कार्यक्रम के पूर्व स्व-निर्मित राखी बनाओ प्रतियोगिता भी हुई।

### केशव प्रभात शाखा के स्वयंसेवकों ने मनाया रक्षाबंधन पर्व



**कुरूद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुरुद नगर की केशव प्रभात शाखा के स्वयंसेवकों ने एक दूसरे को रक्षासूत्र बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम भगवा ध्वज को रक्षासूत्र बांधकर की गई। स्वयंसेवक जितेंद्र चंद्राकर, धनेश्वर निर्मलकर, शशांक कृदत्त, मालकराम साहू, निरंजन सिन्हा ने बताया कि संघ की ओर से वर्ष भर में छह उत्सव मनाए जाते हैं। इनमें रक्षाबंधन प्रमुख है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रक्षाबंधन पर्व के माध्यम से समाज में एकता, प्रेम, सुरक्षा व समरसता का संदेश देता है। संघ के संस्थापक डॉ. केशवराव बलीराम हेडगेवार ने हिंदू समाज में समरसता स्थापित करने के उद्देश्य से इस उत्सव को मनाने का निर्णय इस संकल्प के साथ किया कि हिंदू समाज मिलकर समस्त हिंदुओं का का रक्षक बने।

### माशिमं में रक्षाबंधन उत्सव मना



**धमतरी।** मानस शिशु मंदिर जोधापुर में रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानपाठक भीमसेन ध्रुव ने मां सरस्वती और भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर किया। राखी बनाओ, रंगोली थाल सजाओ प्रतियोगिता रखी गई जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूल की सभी बहनों ने भाइयों की पूजा और तिलक लगा कर उनकी कलाइयों में रक्षासूत्र बांधकर रक्षा करने का वचन लिया। प्रधानपाठक भीमसेन ध्रुव ने बच्चों को बताया कि रक्षाबंधन भाई बहनों के अटूट प्रेम, विश्वास और रक्षा का उत्सव है। मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष लखमशी भानुशाली, सचिव नन्दलाल यादव, वरिष्ठ आचार्य धनंजय साहू, आचार्य राकेश साहू, नंदकुमारी ध्रुव, कामिनी निषाद, कामिनी सेन, द्रौपदी सिन्हा, रुचि देवांगन, सीमा साहू, हर्षलता मगेंद्र, श्वेता ध्रुव उपस्थित थे।



## यातायात व ध्वनि नियंत्रण के लिए दिए स्पष्ट निर्देश

# त्योहारों को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने विभिन्न स्तरों पर हुई बैठक





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

त्योहारों को शांतिपूर्ण व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने विभिन्न स्तरों की बैठक ली गई जिसमें त्योहारी सीजन में भीड़भाड़ में सुरक्षा, यातायात और ध्वनि नियंत्रण के लिए स्पष्ट रूप से दिशा- निर्देश दिया गया है।

आगामी त्योहार जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से एसपी के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा आयोजक समितियों और संबंधित पक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कोतवाली क्षेत्र में जन्माष्टमी, दही लूट कार्यक्रम के आयोजकों एवं डीजे, धुमाल, साउंड सिस्टम के संचालकों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई जिसमें आयोजनों के लिए ध्वनि सीमा, समय-सीमा, ट्रेफिक व्यवस्था, अनुमति अनिवार्यता और शांति व्यवस्था बनाए रखने पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी साउंड संचालकों को बिना अनुमति के संचालन नहीं करने, तय समय-सीमा का पालन करने व उच्च ध्वनि से बचने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी, डीएसपी मोनिका मरावी, कोतवाली प्रभारी, निगम के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### हिन्दू संगठनों के साथ समन्वय बैठक

एएसपी मणिशंकर चंद्रा एवं एसडीएम पीयूष तिवारी द्वारा हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अधिकारियों ने धार्मिक आयोजनों में सौहाद्र बनाए रखने की अपील की। ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट से बचाव, पंडालों की स्थापना विद्युत सुरक्षा मानकों के अनुरूप करने, समितियों को अनुमति लेने की बात कही। एएसपी चंद्रा ने सभी से सभी पर्व को शांति एवं भाईचारा के साथ मनाने का आग्रह किया है।

### भखारा व मगरलोड में भी हुई बैठक

गणेशोत्सव को लेकर भखारा थाना प्रभारी द्वारा समितियों की तथा डीजे व टेंट हाउस संचालकों की बैठक ली गई। बैठक में शांतिपूर्ण आयोजन, बिजली, ट्रेफिक व भीड़ नियंत्रण को लेकर दिशा-निर्देश दिया गया। इसी तरह मगरलोड में भी बैठक लेकर आगामी गणेश उत्सव पर वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। वहीं कोटवारों को अपने क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर सतत नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## गुरु अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर जीवन में उजियारा फैलाता है : चौबे



- शासकीय उमावि कोसमर्रा में व्यास पूजा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर व्यास पूजा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ चंद्रशेखर चौबे जिला संयोजक भारतीय शिक्षा मंडल एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य बीसीएस पीजी कालेज धमतरी, विशेष अतिथि निरंजन साहू जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना जिला धमतरी थे। अध्यक्षता प्राचार्य बालकृष्ण साहू ने की। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव कुमार सोनबेर ने कहा कि छात्र छात्राएं गुरूजनों के आदर्शों को आत्मसात करें। मुख्य अतिथि डॉ चंद्रशेखर चौबे ने कहा कि गुरु शिष्य की परंपरा प्राचीन काल की अद्वितीय अलौकिक परंपरा है। गुरु वह दीप है जो अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर जीवन को दिशा देता है। विशेष अतिथि निरंजन साहू ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने गुरु का सम्मान करना चाहिए। सदैव अपने जीवन में गुरु के बताये मार्ग पर चलकर श्रेष्ठ नागरिक बनने का प्रयास करना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य बालकृष्ण साहू ने कहा कि गुरु ही वह सेतु है जो शिष्य को क्षमता और सफलता के बीच जोड़ता है। अतिथियों ने व्यास पूजा के बाद बादाम का पौधा रोपा। कार्यक्रम का संचालन अनिल साहू शिक्षक ने किया। कार्यक्रम में व्याख्याता चैतराम साहू, पुष्पेन्द्र गुरु, संतोष जगताप, नरेश, रविन्द्र बंधे, मानसिग जांगड़े, हरिश्चंद्र नेताम, सीमा सोनी, किरण मनहर, उत्तरा गंजीर, प्रतिमा गोस्वामी, खिलेश्वरी साहू, प्रमोद बैस, एनएसएस स्वयंसेवक, रेडक्रॉस, स्काउट गाइड एवं सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## छग स्टेट बार काउंसिल चुनाव में जिले के विलोपित अधिवक्ताओं को मिले मताधिकार



- जिला अधिवक्ता संघ ने स्टेट बार काउंसिल ऑफ छत्तीसगढ़ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

प्रारंभिक मतदाता सूची में विधिवत रूप से नाम दर्ज होने के बावजूद अंतिम मतदाता सूची से धमतरी जिले के 200 से अधिक अधिवक्ताओं के नाम विलोपित कर दिये जाने पर जिला अधिवक्ता संघ ने कड़ी आपत्ति दर्ज की है।

संघ के अध्यक्ष भुनेश्वर के निर्देशानुसार संघ के प्रतिनिधिमंडल ने स्टेट बार काउंसिल ऑफ छत्तीसगढ़ के सचिव अमित वर्मा को ज्ञापन सौंपते हु सभी विलोपित नामों को पुनः सूची में जोड़ने और उन्हें आगामी चुनाव में मतदान का अधिकार प्रदान करने की मांग की। सचिव अमित वर्मा ने ज्ञापन पर शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। संघ के सचिव सौरभ मिश्रा ने कहा कि यह गंभीर विधिक चूक है, जो अधिवक्ताओं के संवैधानिक अधिकारों का हनन करती है। समय रहते त्रुटि सुधारकर योग्य अधिवक्ताओं को मताधिकार न दिया गया तो संघ वैधानिक कार्यवाही के लिये बाध्य होगा। अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने इस विलोपन को असंवैधानिक, अन्यायपूर्ण एवं अलोकतांत्रिक बताते हुए कहा कि बिना पूर्व सूचना या आपत्ति के नाम हटाना चुनाव की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न है। उन्होंने परिषद से मांग की कि सभी विलोपित नामों की जांच कर उन्हें मतदाता सूची में पुनः जोड़ा जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में सौरभ मिश्रा, शत्रुहन सिंह साहू, ओमप्रकाश साहू, प्रफुल्ल नाथ जोगी, अंतरा ठाकुर सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित थे।

## शिवाजी प्रभात शाखा में मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व









- सेवा बस्ती में जाकर हिंदू भाइयों को राखी बांधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शिवाजी प्रभात शाखा में शनिवार को सुबह 6 बजे रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। तत्पश्चात रानीबगीचा सेवा बस्ती में जाकर स्वयंसेवकों ने वहां के निवासियों को रक्षासूत्र बांधकर मुंह मीठा कराया। नूतन स्कूल परिसर में सुबह 6 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। कार्यक्रम के अतिथि नगर संघचालक रामलखन गजेन्द्र थे। अध्यक्षता वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रतापराव कृदत्त ने की। मुख्य वक्ता शाखा कार्यवाह राजू सोनकर ने रक्षा बंधन त्योहार से संघ के संबंध को परिभाषित किया। श्री सोनकर ने बताया कि संघ के स्वयंसेवक सेवा बस्ती में जाकर सभी बंधुओं को रक्षासूत्र बांधकर आपसी प्रेम, बंधुत्व की भावना और मां भारती के पुत्र समझकर भाईचारा फैलाते हैं। उद्बोधन के बाद संघ के स्वयंसेवकों ने एक दूसरे को राखी बांधी। रानीबगीचा कुष्ठ आश्रम और बांसपारा में जाकर वहां निवासरत भाइयों को राखी बांधी।

इस अवसर पर शिरोमणिराव घोरपड़े, विनोदराव रणसिंह, दिनकरराव चव्हाण, मोहनराव रणसिंह, शिवाजी साहू, राजकुमार पटेल, योगेश साहू, नितेश कुंभकार, नील पटेल, पवन कौशिक, धनेश्वर यादव, नेहिल गजेंद्र, शिवनारायण छाटा, ऋषिकांत सिन्हा, नगर प्रचार प्रमुख उमेश सिंह बशिस्ट उपस्थित थे।

## पालकों को दी शिक्षा विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी



- बाजार कुर्रीडीह स्कूल में पालक शिक्षक मेगा बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में मेगा पालक शिक्षक बैठक हुई। कार्यक्रम में सरपंच मनीषा मरकाम ,पूर्व उपसरपंच चंद्रकिरण नेताम, हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष नरेश मरकाम, कन्हैया सलाम, नेहरु यादव, ठाकुरराम निषाद, पंचगण पार्वती, तुलसी, रीना, पुष्पा, वत्सला, सत्या व नोडल अधिकारी के रूप में एमके नरेटी कार्यपालन अभियंत, हाऊसिंग बोर्ड थे।

व्याख्याता डॉ आशीष नायक ने शिक्षा विभाग में शासन द्वारा चलायी जाने वाली योजनाओं की जानकारी पालकों को दी। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, छात्रवृत्ति एवं विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षा हेतु पालकों एवं छात्रों को अवगत कराया। माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक जीवनलाल साहू ने पालकों को आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र एवं न्योता भोज के बारे में पालकों को बताया। पालकों को सभी प्रतिनिधियों ने संबोधित किया एवं बच्चों की पढ़ाई, उनसे उचित व्यवहार करने व शिक्षा से जुड़े रहने हेतु प्रेरित किया।

नोडल अधिकारी एमके नरेटी ने पालकों से कहा कि वे अपने बच्चों एवं उनकी पढ़ाई पर निरंतर ध्यान दें। संस्था प्रमुख अभयराम ध्रुव ,डॉ आशीष नायक एवं समन्वयक शिवकुमार साहू ने मेगा बैठक के 12 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशीष नायक एवं प्रदीप चन्देल ने एवं आभार प्रदर्शन रूपेश सिन्हा ने किया। मौके पर शिक्षकगण चुम्मन साहू, कमलेश कुमार निषाद, शिवकुमारी नेताम, खेमीन नागवंशी, भावना रामटेके, अर्चना नागदेवे, हिना मंडावी, निकिता तम्बोली, सुनीता सिन्हा, भागीरथी समेत पालकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## न्यायालय के रीडर को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

31 जुलाई को जिला एवं सत्र न्यायालय धमतरी में कार्यरत धर्मेंद्र कुमार शर्मा रीडर ग्रेड 2 सेवानिवृत्त हुए। छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ जिला शाखा धमतरी द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिसमें जिला न्यायालय परिवार धमतरी के सभी न्यायाधीश एवं जिला न्यायालय धमतरी, व्यवहार न्यायालय कुरूद एवं व्यवहार न्यायालय नगरी के कर्मचारी उपस्थित हुये। उनके सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन किया गया तथा उन्हें सम्मान स्वरूप न्यायालय के ग्रुप फोटोग्राफ्स, मोमेंटो, शाल, श्रीफल, अटैची, छाता भेंट किया गया।

मौके पर प्रधान जिला न्यायाधीश रामकुमार तिवारी, कुटुंब न्यायालय के न्यायाधीश विनोद देवानंद एवं जिले के सभी न्यायाधीशगण समेत छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष नागेश्वर सिंह मौर्य, उपप्रांताध्यक्ष महिला कुमारी सुनीता मागरे, धमतरी जिला शाखा के सचिव सुबोध तिवारी, कोषाध्यक्ष संजीत चंद्रवंशी, जिला नाजीर राकेश राजपूत, महिला कर्मचारी श्रीमती धार्तिका वर्मा, यामिनी देवांगन, शर्मिला सोनी, रेखा मारकंडे उपस्थित थे। कार्यक्रम के पश्चात धर्मेंद्र शर्मा को उनके सिविल लाइन स्थित निवास तक छोड़ने गए।

## विधायक को क्षेत्र की महिलाओं ने बांधी राखी



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

देश भर में शनिवार को रक्षाबंधन का पर्व पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। भाई बहन के रिश्ते को समर्पित इस त्योहार पर वरिष्ठ विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चन्द्राकर को कुरूद नगर सहित विधानसभा क्षेत्र की माताओं, बहनों और बच्चियों ने राखी बांधी।

महिलाओं ने कुरूद के जनसेवक श्री चन्द्राकर की कलाई पर राखी बांधी और उनकी दीर्घायु की कामना की। इस दौरान श्री चन्द्राकर ने भी बड़ी ही आत्मीयता के साथ सभी माताओं बहनों और बच्चियों को उपहार देकर स्वल्पाहार भी कराया।

माताओं, बहनों का प्यार पाकर अजय ने कहा कि रक्षाबंधन के पावन अवसर पर आज कुरूद निवास में विधानसभा क्षेत्र की बहनों से राखी बांधवाकर अपार आत्मीय प्रेम और स्नेह का आशीर्वाद पाया। यह पर्व केवल राखी के धागे की पवित्रता नहीं, बल्कि बहनों के सम्मान, सुरक्षा और सुख-समृद्धि के संकल्प का प्रतीक है। भाई-बहन के अटूट रिश्ते और रक्षा के भाव को और मजबूत करने वाला यह दिन है। बहनों के प्रेम और आत्मीयता को मेरा प्रणाम है।

### छात्राओं ने सहपाठी भाइयों की कलाई पर राखी बांधी



**धमतरी।** मां दंतेश्वरी हाईस्कूल इंग्लिश एवं हिंदी मीडियम विद्यालय रत्नाबांधा में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। विद्यालय की छात्राओं ने अपने सहपाठी भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। शिक्षकों ने बताया कि यह पर्व भाई बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक है, जिसमें बहन अपने भाई की कलाई पर रखी बांधकर उसकी लंबी उम्र और सुख समृद्धि की कामना करती है। छात्राओं ने पूजा की थाली सजाकर आरती ली। छात्राओं ने तिलक लगाकर अपने सहपाठी भाइयों की कलाई पर राखी बांधी। मौके पर प्राचार्य लक्ष्मी रावते, लीला साहू, वीणा साहू, मोहन साहू, वर्षा देवांगन, पूर्वी सोनकर, रूपा यादव, ज्योति रामटेके, प्रियंका यादव, दुर्गा देवांगन, सोनाली रजक, छाया तिवारी, फाल्गुनी ढीमर सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सेजेस कोड़ेकुर्सी के छात्राओं ने जवानों के साथ मनाई राखी



**दुर्गूकोदल।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कोड़ेकुसे के बच्चों ने प्रत्येक जवानों को पहले तिलक और अक्षत लगाकर आरती की एवं पुष्प छिड़ककर मिठाई खिलाई, फिर हाथ की कलाई पर छोटे छोटे नन्हे छात्रों ने रक्षा सूत्र बांधा। रक्षा बंधन में देखा गया है,हमारे जवान अपनी बहनों से रखी बंधवाने घर नहीं जा पाते, उनकी हाथों की कलाई कही सुनी ना रहे, इसलिए नन्हे बच्चों ने राखी बांधकर रक्षा बंधन का त्यौहार जवानों के साथ मनाया।

### वीरों के सम्मान में लीगल सर्विसेज क्लिनिक शुरू



**कांकेर।** नालसा वीर परिवार सहायता योजना के अंतर्गत जिला सैनिक कल्याण बोर्ड में लीगल सर्विसेस क्लीनिक का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष आनंद कुमार ध्रुव द्वारा किया गया। जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारी संजय शुक्ला ने बताया कि देश की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों और उनके परिवारों के सम्मान एवं सहयोग के लिए नालसा वीर परिवार सहायता योजनांतर्गत महत्वपूर्ण पहल की गई है। शुभारंभ अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विभा पांडे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भास्कर मिश्र, अपर कलेक्टर जितेंद्र कुर्रे, कल्याण संयोजक एसपी त्रिपाठी, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नरेंद्रदेव दवे सहित समस्त लीगल एंड डिफेंस कौंसिल तथा अधिवक्ता संघ के सदस्यगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भाजयुमो ने विधायक नेताम के जन्मदिन पर किया रक्तदान



**कांकेर।** विधायक कांकेर आशाराम नेताम के जन्मदिन पर भारतीय जानता युवा मोर्चा शहर मंडल कांकेर द्वारा कोमल देव जिला अस्पताल में रक्तदान कर मरीजों को फल वितरण किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष महेश जैन, हस्तशिल्प बोर्ड अध्यक्ष शालिनी राजपूत, कोषाध्यक्ष राजा देवनानी, दिनेश रजक, ईश्वर कावड़े, उत्तम जैन, दीपक खटवानी, चुनेश्वर सिंह, नीलू तिवारी, बृजमोहन तिवारी, योगेश साहू, विजय लखवानी, पार्षद मंजू सारथी, चित्ररेखा जैन, अंशु शुक्ला, नारायण पोटाई, युवा मोर्चा अध्यक्ष घनेन्द्र ठाकुर, महामंत्री पीयूष वलेचा, जातिन अटभैया, अंकित तिवारी, चिन्मय लोन्हारे, आदित्य शर्मा, सूरज शर्मा, शुभम एवं अन्य उपस्थित रहे।

शुभ मुहूर्त के अलावा सूर्यास्त तक राखी बांधने का सिलसिला चला

# बहनों ने आरती उतारकर भाइयों की कलाई पर सजाई राखी









हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रविवार को पूरे अंचल में राखी का त्योहार मनाया। सभी वर्ग के लोगों ने इस सनातन पर्व को सम्मान के साथ निभाया। बहनों ने भाइयों की आरती उतारकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। बहनों ने भाई की कलाई पर रेशमी धागा बांधा। मिठाई खिलाकर स्नेह प्रकट किए। भाइयों ने भी बहनों को रक्षा का वचन देकर उपहार भेंट किए। त्योहार को लेकर पूरे अंचल में उत्साह का वातावरण रहा। सभी लोग नये परिधान में नजर आए। हाथों में बंधी राखी और माथे पर लगे तिलक ने सभी के चेहरों में मुस्कान लौटा दी। कई बहनों ने सुबह 5:47 से 1.29 बजे तक शुभ मुहूर्त में राखी बांधी। हालांकि इस बार राहुकाल अशुभ योग नहीं था बल्कि पूरे दिन त्रियोग का शुभ मुहूर्त था। कई बहनों ने भाइयों के घर जाकर राखी बांधी तो कई भाई बहनों ने घर जाकर राखी बंधवाए। इस दौरान मंदिरों में भी काफी भीड़ दिखी। कई भक्तों ने देवी देवताओं को रक्षासूत्र बांधा। मंदिरों में राखी अर्पित की। मशीनरी सामान, फैक्ट्री, दुकान, वाहन में राखी बांधी। दूरस्थ स्थानों में जाने के लिए लोगों ने बसों का सहारा लिया। बस स्टैंड में यात्री वाहनों में रेलमपेल रही। यात्रियों की संख्या को देखते हुए बस संचालकों ने फेरा बढ़ाया। बसों की संख्या बढ़ा दी। पिकनिक स्पॉट, पर्यटक स्थल, बांधों में लोग सपरिवार सैर करने निकले। प्रमुख पर्यटक स्थलों में लोगों की भीड़ रही।

सामाजिक संस्थान, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, लोगों ने वृद्धाआश्रम, अस्पताल, अनाथालय में जाकर लोगों को रेशमी डोरे पहनाए। जनप्रतिनिधियों ने भी अपने वरिष्ठ नेताओं को राखी बांधी। पुलिस थाना, एसपी आफिस, सेना के कैंप में जाकर बहनों ने पुलिस एवं सैनिक भाइयों को राखी बांधी एवं मिठाई खिलाई।

रक्षा बंधन पर स्कूली बच्चों का अवकाश था इसलिए बच्चों ने अपने स्कूल में एक दिन पूर्व शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व मनाया। शहर के कई स्कूलों में सामूहिक रूप में रक्षाबंधन पर्व मनाया। बच्चों ने अपने सहपाठियों को राखी बांधी। प्रशासनिक भवनों में जाकर कलेक्टर, एसपी, पुलिस थाना में अधिकारियों को राखी बांधी। रक्षाबंधन का त्योहार अब विस्तृत हो गया है। सनातन परंपरा की वजह से लोग इसे दिल से मनाने लगे हैं। घरों के अंदर सिमटकर रहने की बजाए बाहर खुले स्थानों पर सार्वजनिक रूप से मनाने की परंपरा शुरू हो गई है।

### पोतियों ने दादाजी को बांधा रक्षासूत्र



अंचल में रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मौसम अनुकूल होने के कारण पर्व को लेकर काफी उत्साह देखा गया। सुबह से ही राखी बांधने का सिलसिला शुरू हो गया था जो देर रात तक चला। छोटे बच्चों में भी पर्व को लेकर उत्सुकता देखी गई। कृष्णा नगर में दो पोतियों ने अपने दादाजी को भी स्नेह और प्रेम का रक्षाबंधन सूत्र बांधकर आशीर्वाद लिया।

# भखारा में विश्व आदिवासी दिवस पर उमड़ा जनसैलाब

## पारंपरिक जग-जंवारा यात्रा निकली, बिरसा मुंडा की प्रतिमा का हुआ अनावरण







हरिभूमि न्यूज ▶▶भखारा

विश्व आदिवासी दिवस पर भखारा में आयोजित जिलास्तरीय समारोह में आदिवासी संस्कृति, परंपरा और एकजुटता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। दंतेश्वरी मंदिर से सुबह 11 बजे पारंपरिक जग-जंवारा यात्रा निकाली गई, जिसकी अगुवाई डांग डोरी और आंगापेन ने की। यात्रा में आदिवासी समाज के युवक-युवतियों ने सामूहिक रेला पाटा का शानदार प्रदर्शन किया, वहीं देवी-देवताओं ने करसाड़ कर आशीर्वाद दिया। गायता पुजारी पूरे मार्ग में यात्रा के साथ रहे और नगरवासियों ने पेन शक्तियों का दर्शन किया। अतिथियों ने धरती आबा बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया। लगभग 1 किलोमीटर लंबी इस रैली में ऐतिहासिक भीड़ उमड़ी और पूरा नगर आदिवासी संस्कृति के रंग में रंग गया।

कृषि उपज मंडी स्थित कार्यक्रम स्थल पर देव व्यवस्था के साथ आदिवासी विरासत को दर्शाने वाले कई स्टॉल लगाए गए थे, जिनमें हाट बाजार, प्राकृतिक संरचना, आदिम आविष्कार, मानव सभ्यता का उदय, कृषि वाणिज्य, डीही डोंगर, सामाजिक संस्कार, कला-कौशल संस्कृति, राज व्यवस्था, भोजली उजोना, पहुंना देव, आंगादेव और पारंपरिक स्वागत द्वार विशेष आकर्षण रहे।

### प्रतिभाओं को मिला सम्मान

इस दौरान 10वीं और 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा शिक्षा, खेल, साहित्य, कला, संस्कृति और शासकीय सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 70 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

समाज की 25 टीमों ने पारंपरिक आदिवासी नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने कहा कि आदिवासी समाज की अपनी अलग व्यवस्था और संस्कृति है, जिसने छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं को जीवित रखा है।

### दिखी आदिवासी समाज की एकजुटता

कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षद गोमती पटेल, अंजु साहू, परदेशी कंवर, छविलाल निर्मलकर, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन सहित विभिन्न समाजों के प्रमुख, जनप्रतिनिधि और हजारों की संख्या में महिला, पुरुष और युवा शामिल हुए।

भखारा में हुआ यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक विरासत का भव्य प्रदर्शन था, बल्कि आदिवासी समाज की एकजुटता और अधिकारों की आवाज को बुलंद करने का भी सशक्त मंच साबित हुआ।

इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षद गोमती पटेल, अंजु साहू, परदेशी कंवर, छविलाल निर्मलकर, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, माधव सिंह ठाकुर, रामकृष्ण नेताम, महेश रावटे,कमल नारायण ध्रुव, डॉ डीआर ठाकुर, जयपाल ठाकुर, कांशीराम कंवर, राम प्रसाद मरकाम, रैनलाल देव, विश्राम दाऊ, देवनाथ नेताम, रामनारायण नगारची, कमल नारायण ध्रुव, टीकम कटारिया, विजय कण्डरा, उमेश देव, सोमनाथ मंडावी, ललित ठाकुर, सुरेश ध्रुव, नारायण नेताम, ठाकुर राम नेताम, होमन सिंह कतलाम, कुलेश्वर छेदैया, सेवकराम छेदैया, भूपेन्द्र नेताम, ईश्वरी नेताम, चन्द्रकला नेताम, पोखन कंवर, सुग्रीव नेताम, ईश्वर सिंह कंवर, संतोष नगारची, सेवकराम कंवर, अनुज कुमार, पुष्कर सिंह मरकाम, भूतनाथ पारधी, सुजान सिंह मंडावी, अनुज नेताम, वाराम नेताम, एचआर ध्रुव, उदय नेताम, स्कंद ध्रुव, दौलत राम ध्रुव, वीएस सिदार, नेमीचंद देव, रामेश्वर मरकाम, खिलेंद्र पडौटी, वेदप्रकाश ध्रुव, तिजेंद्र कुंजाम, हेमन्त ध्रुव, हर्ष मरकाम ,देवराज नेताम, दीपक नेताम, रवि मरकाम, विजय मंडावी सहित हजारों समाजजन मौजूद थे।

#### हमें अपने अधिकारों के लिए सजग रहना होगा : अम्बिका

मुख्य अतिथि सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस हमारे लिए गौरव का दिन है। हमारे समाज के वीरों ने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लेकिन उन्हें इतिहास में स्थान नहीं मिला। आज हमें अपने अधिकारों के लिए सजग रहना होगा।

#### आदिवासी समाज सृष्टि की जननी : ओंकार

विशिष्ट अतिथि विधायक ओंकार साहू ने कहा कि आदिवासी समाज सृष्टि की जननी है, जो अपने अधिकारों के लिए निरंतर संघर्षरत है। उन्होंने सरकार पर आदिवासी समाज की उपेक्षा और प्राकृतिक संसाधनों को उद्योगपतियों को सौंपने का आरोप लगाया।

#### समाज को स्वयं संघर्ष करना होगा : मरई

सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई ने कहा कि जल, जंगल, जमीन और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए समाज को स्वयं जागरूक होकर संघर्ष करना होगा।

# महापौर ने 175 करोड़ के प्रस्ताव के लिए उप मुख्यमंत्री को सौंपा मांगपत्र

- गौरव पथ, मार्ग चौड़ीकरण, मजबूतीकरण, पहुंच मार्ग शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महापौर रामू रोहरा ने जिले की 15 बहुप्रतीक्षित मांगों के निर्माण के लिए 175 करोड़ रूपये के प्रस्ताव के लिए प्रदेश के उपमुख्यमत्री अरूण साव को मांग सौंपा है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि जनहित में निर्माण कार्यों को 2025-25 के बजट में सम्मिलित कर अविलंब स्वीकृति देवें। उक्त कार्यों की स्वीकृति के लिए कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग धमतरी ने प्राक्कलन तैयार कर लिया है। जिसके अनुसार धमतरी से राजनांदगांव, गुंडरदेही मार्ग, धमतरी नगरी सिहावा बोराई मार्ग, राज्य क्रमांक 23, आमदी नगर पंचायत में फोरलेन गौरव पथ निर्माण, सौंदर्यीकरण 4 करोड़ रूपये हैं। धमतरी से अर्जुनी, भानपुरी, तरसींवा, कुर्रा, अमलीडीह, हसदा मार्ग का चौड़ीकरण, मजबूतीकरण के लिए 2 करोड़ 70 लाख, छाती, गागरा, कंडेल, देवपुर मार्ग के चौड़ीकरण, मजबूतीकरण के लिए 3 करोड़ 30 लाख, देमार तरसींवा मार्ग के चौड़ीकरण, मजबूतीकरण, बेन्द्रानवागांव पहुंच मार्ग के चौड़ीकरण व मजबूतीकरण के लिए 8 करोड़, धमतरी से बागतराई मार्ग के चौड़ीकरण के लिए 5.50 करोड़, गुजरा रींवागहन मार्ग के चौड़ीकरण, मजबूतीकरण के लिए 4.40 करोड़, पोटियाडीह से खरतुली मार्ग के चौड़ीकरण व मजबूतीकरण के लिए 1.73 करोड़, धमतरी सिविल लाइन पहुंच मार्ग, चौड़ीकरण व मजबूतीकरण के लिए 2.32 करोड़ का प्राक्कलन बनाया गया है।

### महिला मोर्चा ने चिकित्सकों को बांधा रक्षा सूत्र

**मगरलोड।** महिला मोर्चा मेघा की बहनों ने प्राथमिक स्वास्थ केंद्र मेघा के सभी स्टॉफ को रक्षासूत्र बांधा। संध्या साहू ने कहा कि आप सभी की वजह से हम सब सुरक्षित हैं। हर परिस्थिति में चाहे कोरोना हो या अन्य समय में आप सभी स्वास्थ्यकर्मियों का भरपूर सहयोग रहा। मेघा के आसपास के क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में काफी सुधार हुआ है। इस अवसर पर नीरा पटेल, प्रेमलता सोनी, दिनेश्वरी साहू, धनेश्वरी साहू, डिगेश साहू, तामेश्वरी साहू, कमल सिन्हा, योगेश्वर साहू, प्रभारी डॉ रूपेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### ऋग्वेद स्कूल के बच्चों ने एसपी को बांधी राखी



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आदिवासी दिवस एवं राखी के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता कार्यक्रम अंतर्गत ऋग्वेद स्कूल के बच्चों ने जिला पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार, एडिशनल कलेक्टर श्रीमती रीता यादव, डॉ शैलेन्द्र गुप्ता को हस्तनिर्मित तिरंगा राखी बांधी। साथ ही कलेक्ट्रेट के बाहर युवाओं को राखी बांधकर नशा मुक्ति के लिए संकल्प दिलाया। मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती सूर्यप्रभा चेटियार एवं सामाजिक कार्यकर्ता जानकी गुप्ता के साथ स्कूल के आसपास सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का महत्व बताया।

### ब्रम्हाकुमारी सुनीता बहन ने भानु को बांधी राखी



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

**कुरुद।** रक्षाबंधन के अवसर पर प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कुरुद की संचालिका सुनीता बहन ने कुरुद के बोलबम सेवा एवं वंदेमातरम परिवार प्रमुख भानु चंद्राकर से उनके निवास पर भेंट की और उन्हें रक्षा सूत्र बांधकर उनके स्वास्थ्य, दीर्घायु और सुखद जीवन की मंगलकामना की। भानु ने कहा कि रक्षाबंधन सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी भावनात्मक एकता और सामाजिक मूल्यों की गहराई को दर्शाने वाला अनुपम उत्सव है। उन्होंने कहा कि रक्षा सूत्र में निहित शुभकामनाएं उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति और अधिक समर्पित होने की प्रेरणा देती हैं।




















